卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 173 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦30 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

अल्मोड़ा ज्वैलर्स

समस्त क्षेत्रवासियों को श्री राम नवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

हमारे यहां 24 कैरेट सोने व चाँदी के आकर्षक आभूषण ऑर्डर पर तैयार किये जाते हैं।

हमारे यहां सभी प्रकार के हॉलमार्क ज्वैलरी उपलब्ध हैं। मो. 9012749183

पहुँची, गढ़वाली व कुमाऊंनी नथ गुलबन्द विशेष डिजाइन में तैयार किये जाते हैं।

राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि

ओडिसी प्रिंटर्स के सामने, भल्ला मेडिकल गली, मेन मार्केट, रुद्रपुर

विदेशी मेहमानों ने की कार्बेट पार्क की सैर

रामनगर(उद संवाददाता)। जी-20 समिट में आए विदेशी मेहमानों ने बृहस्पतिवार को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के बिजरानी जोन में जंगल सफारी की। साथ ही कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की जैव विविधता, जनसहभागिता और सामंजस्य के बारे में भी जाना। इस दौरान गेट पर पार्क प्रशासन की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। आमडंडा गेट पर स्थानीय महिलाओं ने विदेशी मेहमानों का पारंपरिक परिधानों में तिलक कर स्वागत किया। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व विश्वविख्यात है। यहां हर साल देश-विदेश से पर्यटक जंगल सफारी के लिए आते हैं। यह भारत में बाघों की राजधानी के नाम से भी मशहूर है। बृहस्पतिवार सुबह छह बजे विदेशी डेलीगेट 30 जिप्सियों में बिजरानी जोन में जंगल सफारी के लिए निकले। कॉर्बेट पार्क की ओर से जिप्सी चालकों व नेचर गाइड को ड्रेस दी गई थी। बिजरानी जोन में विदेशी डेलीगेट को अलग-अलग मार्गों से ले जाया गया। एक ही मार्ग से लेजाते तो जंगल में धूल उड़ती। जंगल सफारी के दौरान पीसीसीएफ हॉफ विनोद सिंघल, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ समीर सिन्हा, कॉर्बेट पार्क निदेशक डॉ. धीरज पांडेय, उपनिदेशक दिगांथ नायक, पार्क वार्डन अमित ग्वासीकोटी आदि रहे। वहीं उत्तराखंड (शेष पृष्ठ 7पर)

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने किया जन औषधि केंद्र का निरीक्षण

देहरादून(उद संवाददाता)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया गुरुवार को उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पर मांडविया का स्वागत करने के लिए उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत पहुंचे। एयरपोर्ट से निकलने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री देहरादून में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का निरीक्षण के लिए पहुंचे। औषधि केंद्र का निरीक्षण करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री सीमांत चमोली जिले के वाइब्रेट विलेज योजना में शामिल मलारी गांव के लिए रवाना हुए। वह रात्रि प्रवास (शेष पृष्ठ सात पर)

पुलिस कर्मी का आकस्मिक निधन, महकमे में शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ट्रांजिट कैम्प थाने मैं तैनात पुलिस कांस्टेबल नीरज कुमार का आकस्मिक निधन हो गया। युवा पुलिस कर्मी के आकस्मिक निधन से परिवार में कोहराम मचा है वही पुलिस महकमे में भी शोक की लहर है। 2006 बैच के पुलिस कर्मी मूल रूप से अयारपाटा मल्लीताल निवासी नीरज कुमार यहां शक्ति विहार कालोनी में परिवार के साथ रह रहे थे। 2022 से वह ट्रांजिट कैम्प थाने में तैनात थे। 26 मार्च से नीरज की ड्यूटी जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर डीडी चौक पर लगायी गयी थी। बृहस्पतिवार सुबह अचानक घर पर नीरज की तबियत बिगड़ी जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उनका निधन हो गया। सिपाही के अचानक निधन की सूचना से पुलिस महकमे में भी हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज(शेष पृष्ठ सात पर)

ट्रैक्टर और कार की भिड़ंत में एक की मौत,चार घायल

काशीपुर(उद संवाददाता)। कार में सवार होकर घर से गर्जिया माता के दर्शन को निकले एक ही परिवार के पांच युवकों में से एक की देर रात सड़क हादसे की चपेट में आकर दर्दनाक मृत्यु हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें मुरादाबाद व काशीपुर के अलग-अलग अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। उधर दूसरी ओर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक दौलतबाग, थाना नागफनी, जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी ऋषभ कुमार 24 वर्ष पुत्र स्वर्गीय पप्पू बुधवार को महाअष्टमी के मौके पर सुमित पुत्र अर्जुन, आशीष पुत्र पन्नालाल, छोटू पुत्र विजेंदर, तथा विष्णु पुत्र सन्नू निवासी उपरोक्त के साथ क्विड रेनॉल्ट कार संख्या यूपी21/1234 पर सवार होकर घर से रामनगर स्थित (शेष पृष्ठ सात पर)

समस्त क्षेत्रवासियों को
जय श्रीराम
श्री रामनवमी की हार्दिक शुभकामनायें
विकास शर्मा
प्रदेश मंत्री, भाजपा
दिपिन सुखीजा
संस्थापक श्री राम मंदिर, गदरपुर

उधम सिंह नगर में हिमांशु गावा बने कांग्रेस जिलाध्यक्ष

कांग्रेस ने जारी की जिला और महानगर अध्यक्षों की सूची, सीपी शर्मा को बनाया रूद्रपुर महानगर अध्यक्ष

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस जिला अध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों की बहुप्रतीक्षित सूची कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने जारी कर दी है। उधम सिंह नगर में हिमांशु गावा को जिलाध्यक्ष और रूद्रपुर महानगर अध्यक्ष पद पर सीपी शर्मा की ताजपोशी की गयी है दोनों अभी तक कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष की ओर से जारी सूची मे अल्मोड़ा जिलाध्यक्ष पद पर भूपेन्द्र सिंह भोज, रानीखेत में नारायण सिंह रावत, बागेश्वर में भगत सिंह डसीला, चंपावत में पूरन कठैत, चमोली में मुकेश नेगी, पछवा दून में लक्ष्मी अग्रवाल, देहरादून महानगर में डा. जसविंदर सिंह गोगी, परवा दून में मोहित शर्मा उनियाल, हरिद्वार शहर में सतपाल ब्रम्हचारी, हरिद्वार जिले में राजीव चौधरी, रूड़की में विरेंद्र जैती, रूडकी शहर में राजेन्द्र चौधरी, नैनीताल जनपद में राहुल छिम्वाल, हल्द्वानी शहर में गोविंद सिंह, पौड़ी गढ़वाल में विनोद सिंह नेगी, कोटद्वार में विनोद डबराल, पिथौरागढ़ में अंजू लुंठी, डीडीहाट में मनोहर टोलिया, रूद्रप्रयाग में कुंवर सिंह सजवाण, टिहरी गढवाल में राकेश राना, डेवप्रयाग में उत्तम सिंह, काशीपुर में मुशर्रफ हुसैन, रूद्रपुर महानगर में सीपी शर्मा, उधम सिंह नगर जनपद में हिमांशु गावा, उत्तरकाशी में मनीष राणा और पुरौला में दिनेश चौहान को अध्यक्ष बनाया है।

हज कमेटी अध्यक्ष और भाजपा जिलाध्यक्ष ने विभिन्न योजनाओं के स्टालों का किया

सितारगंज(उद संवाददाता)। एक साल नई मिशाल कार्यक्रम के तहत ब्लाक सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा जनप्रतिनिधियों, अफसरों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित पात्रों और आवेदकों को भाजपा की नीतियों से अवगत कराया। कहा कि भाजपा शासन में हर जरुरतमंद पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। नए पात्र आवेदकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए परिसर में बहुउद्देघ्शीय शिविर का आयोजन किया गया। यहां नए जरुरतमंद लोग पंजीकरण के बाद पूर्व की भांति सरकारी योजनाओं का सीधे लाभ ले सकते है। इस दौरान फरियादियों ने समस्याएं भी दर्ज करायी। हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद की अध्यक्षता में बुधवार को एक साल नई मिशाल कार्यक्रम के तहत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। यहां ब्लाक प्रमुख कमलजीत कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिदंल, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता पलविंदर सिंह औलख, भाजपा नेता मुकेश सनवाल, प्रधान कुलदीप सिंह मौजूद रहे । बहुउद्देघ्शीय शिविर में

स्वास्थ्य, राजस्व, सहकारिता, विद्युत, पूर्ति, मत्स्य, कृषि, उद्यान, लोनिवि, ईफको, पशुपालन, पशु चिकित्सा आदि विभागों के साथ ब्लाक से संचालित स्वंय सहायता समूह उपस्थित रहे। समस्त विभागों ने स्टॉल लगाए थे। जिनका भाजपा पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। इससे पूर्व हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन पर प्रदेश की धामी सरकार हर पात्र व्यक्ति को मूलभूत सुविधाओं के साथ ही अन्य सुविधाओं से लाभान्वित कर रही है। इस मौके पर डीपीआरओ रमेश चंद त्रिपाठी, बीडीओ चित्रा राय, हेमचंद भट्ट, राजू नगदली, जया जोशी, सुमन राय, अनिरुद्ध राय, आजम मलिक, तहसीलदारजगमोहन त्रिपाठी, धर्मेंद्र धामी आदि मौजूद रहे।

भावना वर्मा को हिन्दी में पीएचडी की उपाधि

रामनगर(उद संवाददाता)।पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के हिंदी विभाग की शोध छात्रा भावना वर्मा को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।भावना ने शेरदा अनपढ़ एवं गिरीश

तिवाड़ी गिर्दा के कृतित्त्व का तुलनात्मक अध्ययन शीर्षक पर शोध कार्य किया है।उन्होंने अपना शोध कार्य हिंदी विभाग प्रभारी प्रोफेसर (डॉ.)जी.सी.पन्त के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया है। इस अवसर पर भावना वर्मा को प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी.पाण्डे, प्रो.शिरीष मौर्य, डॉ.सुमन कुमार,डॉ.देवकीनंदन जोशी,डॉ. पी.सी.पालीवाल,डॉ.रीता तिवारी,डॉ.दुर्गा तिवारी सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।भावना ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं अपने परिजनों को दिया है। परीक्षकों ने उनके शोध कार्य की सराहना करते हुए उनके द्वारा किए गए शोध को मील का पत्थर कहा है।भावना वर्मा वर्तमान मे राजकीय महाविद्यालय स्याल्दे,अल्मोड़ा में प्रवक्ता हिन्दी के पद पर कार्यरत है।

जरूरतमंदों को मिले सरकार की योजनाओं का लाभ : मित्तल

सितारगंज(उद संवाददाता)। जिन्दगी जिन्दाबाद समिति के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट में सरदार देवेन्द्र सिंह यूएसऐ के माध्यम से आयुष्मान कार्ड शिविर का शुभारम्भ पीएनबी बैंक के मैनेजर मोहन कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल व देवभूमि व्यापार मण्डल अध्यक्ष नीटू तनेजा व जयपुरिया स्कूल के चेयरमैन रमेश गोयल ने फीता काटकर किया। वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेता महेश मित्तल ने कहा कि भारत सरकार की योजना प्रत्येक नागरिक का बीमा हो उसी के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड का होना भी आवश्यक है और प्रत्येक नागरिक का आयुष्मान कार्ड बने इसी के तहत इस प्रकार कैम्पों के माध्यम से हम लोगों की सेवा में सहयोग कर सकते हैं। जिन्दगी जिन्दाबाद के अध्यक्ष करमजीत सिंह चन्ना ने बताया कि हमारी संस्था गरीब लोगों के उत्थान हेतु हर सम्भव प्रयास करती रहती है,हमारी संस्था द्वारा रुद्रपुर

में प्रतिदिन पांच रुपये में भरपेट खाना जरुरतमंद लोगों को खिलाया जाता है,पर्यावरण के संरक्षण हेतु भी हमारी संस्था द्वारा दस हजार पौधों का रोपण किया गया है। इस मौके पर देवभूमि व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष नीटू तनेजा,पंजाब नेशनल बैंक के प्रबन्धक मोहन कुमार,जयपुरिया स्कूल के चेयरमैन रमेश गोयल,हरप्रीत सिंह, हरजिन्दर सिंह लाडी,गुरविन्दर सिंह सोनू,पलविन्दर सिंह, इकबाल सिंह, लवली लाम्बा,मेघा,बलजीत कौर आदि मौजूद रहे।

राज्यपाल ने दी राम नवमी की बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को 'रामनवमी' पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा की "मर्यादा पुरुषोत्तम" भगवान श्रीराम का जीवन हमें उनके महान आदर्शों तथा उच्च नैतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। रामनवमी का शुभ अवसर हमें परोपकार, त्याग, प्यार, करूणा जैसे उच्चतम नैतिक व सामाजिक मूल्यों और आदर्श समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा की इस पावन दिवस पर हम एक समृद्ध, शांतिपूर्ण और समरसता पूर्ण समाज का निर्माण करने की प्रतिबद्धता करें। राज्यपाल ने रामनवमी के पावन अवसर पर प्रत्येक नागरिक के जीवन में सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना की है।

धूमधाम से मनाया रामनवमी पर्व

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।श्री सत्य नारायण मंदिर में आज राम नवमी का पर्व धूम धाम से मनाया गया। मंदिर में श्री सुंदर कांड पाठ एवं भजन कीर्तन के साथ ही

कन्या पूजन किया गया। पूजा अर्चना मुख्य पुजारी चंद्र शेखर जोशी द्वारा कराई गई। इस मौके पर मंदिर के संरक्षक गौरी शंकर चड्डा, जगदीश लाल सड़ाना, अध्यक्ष पंकज कपूर, उपाध्यक्ष प्रेम मदान, सचिव ठाकुर दास, कोषाध्यक्ष त्रिलोक नारायण सहित राजकुमार आनंद, सनी आनंद, नरेंद्र साहनी, मदन कपूर, गुलशन पाहवा, गोविंद ग्रोवर आदि मौजूद थे। अध्यक्ष पंकज कपूर ने सभी को राम नवमी की बधाई दी एवं आये हुए सभी भक्तजनो को प्रसाद वितरित किया।

साहित्यकार मोहन जोशी के भाई का निधन

गरुड़(उद संवाददाता)। साहित्यकार मोहन जोशी व उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डीके जोशी के भाई सुरेश जोशी का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन पर कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास, पूर्व विधायक ललित फर्सवाण, पूर्व राज्यमंत्री गोपाल दत्त भट्ट,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट, पूर्व प्रमुख भरत फर्सवाण, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, मंडल अध्यक्ष मंगल राणा, जिपंस जनार्दन लोहुमी, सुनीता आर्या, साहित्यकार रमेश बृजवासी, डॉ हेम चंद्र दुबे, एनयूजेआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रशेखर बड़सीला, आनन्द बिष्ट, अनिल पांडे, रमेश चन्द्र बृजवासी, नंदन सिंह अल्मिया, मनोज खोलिया, संतोष तिवारी, जीवन सिंह दोसाद, गिरीश अधिकारी, मोहनदा, व्यापार संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी दत्त पांडे, अखिल जोशी, विनोद भट्ट, संजय जोशी, दीवान नेगी, अनिल पांडे, दिनेश नेगी, नवीन खोलिया, राज्य उप निदेशक आकाश सारस्वत, उमेश जोशी, नीरज पंत, हरीश भट्ट, डीएल वर्मा, प्रकाश पांडे, गणेश पांडे, उमाशंकर भाकुनी, जेसी आर्या, बबलू नेगी, प्रकाश कोहली, कैलाश जोशी, विपिन तिवारी, प्रयाग दत्त जोशी, शशांक पांडे, कैलाश खुल्बे, बार एसोसियेशन के हरीश जोशी, रमेश सनवाल, उमेश पांडे, चंद्रशेखर कांडपाल, गिरीश कोरंगा समेत अनेक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

इग्नू कार्यालय सहायक को दी धमकी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इग्नू के कार्यालय सहायक को युवती सहित कुछ युवकों द्वारा फोन पर धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में ट्रांजिट कैम्प निवासी जगदीश चन्द्र पाण्डे पुत्र कृष्णा नन्द पाण्डेय ने कहा है कि वह इन्नू अध्ययन केन्द्र रुद्रपुर में कार्यालय सहायक के पद पर कार्यरत है। जुलाई 2021 सत्र मे अध्ययन केन्द्र में निधि अग्रवाल ने प्रवेश लिया था। विगत 31 जुलाई 2022 को निधि अग्रवाल, उसके भाई अमन अग्रवाल और एक अन्य अज्ञात द्वारा उसे फोन पर धमकाया गया और महिला हेल्प लाइन पर शिकायत भी दर्ज की। इस प्रकरण का सामान्यत: निस्तारण करते हुए उस अभ्रदता पर निधी को व्हाटसएप ग्रुप से निकाल दिया । क्योकि उस एक वर्ष के दौरान निधि और उसके परिजनो ने न तो इग्नू की कोई मिटिंग ज्वाइन की और न ही इग्नू कार्यालय। आरोप है 26 मार्च 2023 को निधि और उसकी बहन कालेज आए और अपने भाई अमन अग्रवाल से फोन को हेंड फ्री करके उसे धमकी दी । उस समय कार्यालय मे इग्नू के अन्य विद्यार्थी आसाइनमेंट जमा करवाने के लिए मौजूद थे। इसके बावजूद शाम निधि के भाई अमन अग्रवाल ने उससे गाली गलौच कर कहा कि जहां पर भी मिलोगे वही पर जान से मार दूँगा।

महिला उद्यमी अभिलाषा बहुगुणा ने प्रतिष्ठित नेसकॉम अवार्ड जीता

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून की एक उद्यमी अभिलाषा बहुगुणा ने मंगलवार को नई दिल्ली में स्मार्ट वैल्यू चेन के लिए लघु उद्योग श्रेणी में प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए नेसकॉम इंस्पायर अवार्ड 2022-23 जीता।बहुगुणा को लद्दाख के पहली पीढ़ी के अर्ध-कुशल कारीगरों को कुशल निर्माताओं और एक फैशन लेबल के मालिक बनाने में कौशलवर्धन के लिए सम्मानित किया गया।बहुगुणा ने संस्थापक निदेशक के तौर पर 'लूम्स ऑफ लद्दाख' का पोषण किया, जिससे परिधान निर्माता और प्रबंधन में डिजाइनर और निर्माता कारीगरों की भागीदारी सुनिश्चित हो पाई। बहुगुणा ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, ष्हमने एक ऐसी प्रणालीका को लागू किया जो कारीगरों को अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाने के लिए समय पर जानकारी प्राप्त करने में सक्षम बनाती है और जिसके परिणामस्वरूप संस्था सदस्यों का काम और आमदनी बढ़ी"। बहुगुणा ने कहा कि लूम्स ऑफ लद्दाख वुमेन कोऑपरेटिव लिमिटेड ने एक वैश्विक लग्जरी ब्रांड बनाया है जो पश्मीना फाइबर का मूल्यवर्धन करता है।लेह और न्यूयार्क शहर के मैनहट्टन इलाकध्े से लूम्स ऑफ लद्दाख के स्टोर खुदरा बिक्री भी कर रहे हैं। लेह और कारगिल जिलों में 22 विकेन्द्रीकृत गांवों में लद्दाख परिधान निर्माण के करघे गांवों और लेह शहर के बीच 9000-17000 फीट की ऊंचाई पर 10 से 250 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। विकेन्द्रीकृत ग्राम केंद्र 2000-30000 रुपये की सीमा में लद्दाख पश्मीना और ऊन के साथ शॉल, स्टोल और स्कार्फ जैसे बुने हुए स्वेटर, मोजे, टोपी और दस्ताने जैसे मानकीकृत हस्तकला का निर्माण करते हैं। बहुगुणा ने कहा कि लेह में केंद्रीकृत एटेलियर में परिधानों का निर्माण शुरू कर दिया है और चुशुल वर्क स्टूडियो परिधान निर्माण इकाई के विस्तार के लिए भी तैयार है। लूम्स ऑफ लद्दाख वूमेन कोऑपरेटिव लिमिटेड अप्रैल 2023 में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन लद्दाख के साथ मिलकर एक सामाजिक पहल के तहत नया फैशन लेबल पेरक भी लॉन्च कर रही है। निर्माताओं के स्वामित्व वाला ब्रांड बुनियादी ढांचे के विकास, क्षमता निर्माण, संस्था निर्माण और ब्रांड निर्माण के माध्यम से लेह और कारगिल जिलों के सीमांत गांवों में विकेन्द्रीकृत परिधान निर्माण उद्योग स्थापित कर रहा है। स्मार्ट वैल्यू चेन इनिशिएटिव ऑफ लूम्स ऑफ लद्दाख सिडबी द्वारा प्रायोजित है। लूम्स ऑफ लद्दाख ने SIDBI के स्वावलंबन चौलेंज फंड में अनुदान के रूप में प्रायोजन भी जीता है।

प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने किया कन्या पूजन

रामनगर(उद संवाददाता)। नैनीताल जिले की प्रभारी मंत्री व कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने रामनवमी के अवसर पर रामनगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर चैत्र नवरात्र के अवसर पर कन्याओं और बटुकों का पूजन अर्चन किया।मंत्री रेखा आर्या ने पहले कन्याओं के पांव पखारे व इसके बाद उन्हें चुनरी उड़ाकर माथे पर तिलक लगाया और उन्हें भोजन कराए।उन्होंने कन्या पूजन के पहले आदि शक्ति मां भगवती दुर्गा की पूजा अर्चना की उसके बाद मां दुर्गा के विभिन्न नौ रूपों के प्रति कन्याओं की पूजा अर्चन की और विधि विधान और श्रद्धा और सम्मान का भाव रखते हुए इस कार्य को संपन्न किया।कहा कि आज नवरात्र की नवमी तिथि है, चौत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रथम 9 तिथियों में नारी शक्ति मां भगवती की विशेष अनुष्ठान आयोजन नवरात्र के रूप में सनातन धर्मावलियों के द्वारा किया जाता है।इस अवसर पर परंपरागत रूप से 9 दिनों तक आदिशक्ति मां भगवती जो यह पूरे जगत की आदिशक्ति है कि अनुष्ठान पूजन के उपरांत मातृशक्ति के प्रति सम्मान का भाव रखते हुए कुंवारी कन्याओं के पूजन का कार्यक्रम अभी यहां पर संपन्न हुआ

आँगनवाड़ी केन्द्र-II का

है। उन्होंने कहा कि, भारतीय परंपरा में मातृशक्ति का सदैव सर्वोपरि स्थान रहा है, और उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस पवित्र कार्यक्रमों के साथ जुड़ने का सौभाग्य पूरे देशवासियों को प्राप्त होता है।कहा की आज नवमी की स्थिति पर कुंवारी कन्याओं के पूजन का नवदुर्गा स्वरूप 9 कन्याओं के पूजन का कार्य यहां पर संपन्न हुआ है।यह पर्व हम सभी को दृढ़ता के साथ सच्चाई के मार्ग पर चलने एवं अपने जीवन से बुराइयों का समूल नाश करने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख रामनगर श्रीमती रेखा रावत जी,सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत ,जे.सी. लोहानी,नरेंद्र शर्मा ,मनमोहन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
- दांतों की नसों का इलाज / RCT
- फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
- नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
- टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
- दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
- मसूड़े द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमनप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085, 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

मकान बिकाऊ है
15 x 45 का एक मकान (रजिस्ट्रीशुदा) शांति कालोनी निकट अग्रसेन अस्पताल रूद्रपुर में बिकाऊ है।
-सम्पर्क करें-
मो. 8191024718

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर व श्री हरि मंदिर में मना रामनवमी का पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा के संरक्षण में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर व श्री हरि मंदिर में श्री राम नवमी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में पं. मनोज जी द्वारा किये जा रहे श्री रामचरित मानस पाठ का धार्मिक विधि से समापन हुआ। वहीं गत रात्रि मंदिर में हुए माता के जागरण का भी आज प्रात: समापन किया गया। तत्पश्चात मंदिर में मंत्रोच्चारण के साथ कन्या पूजन किया गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। श्री राम जन्मोत्सव पर सभी भक्तों ने हर्षोल्लास सु खुशियां मनायी। इस दौरान श्री महावीर दल द्वारा श्री राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघन के बाल रूपों की झांकियां प्रस्तुत की गईं। श्री महिला सत्संग मंडल द्वारा बधाई गीत गाये गये। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा, महावीर दल, महिला सत्संग मंडल के समस्त पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भागवत कथा एवं मां भगवती के जागरण में पहुंचकर मत्था टेका। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन आपसी सदभाव बढ़ाने के साथ ही युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं। श्री ठुकराल ने कहा आज पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति से दूर होती जा रही है। अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आज युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में धार्मिक आयोजना से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। साथ ही ऐसे आयोजनों से आसुरी शक्तियों का भी नाश होता है। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण मंदिर के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को माता की चुनरी उड़ा कर व फूल मालाओं से सम्मानित किया। पूर्व विधायक ठुकराल ने धार्मिक आयोजनों में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल व बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

नवरात्र पर हुआ मां का अलौकिक श्रृंगार

सितारगंज(उद संवाददाता)। नवरात्री के पावन अवसर नवमी के दिन श्री सनातन धर्म मंदिर में माता रानी का अलौकिक श्रृंगार, मांता रानी का भक्तों द्वारा अद्भुत व अलौकिक श्रृंगार हुआ। मुख्य पुजारिन हेमा पाण्डेय ने बताया कि नवरात्री पर 9 दिन तक मां की विशेष पूजा अर्चना के साथ आज नवमी पर मां का श्रृंगार किया गया व पूड़ी, हलुवा का भोग लगाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल, गणेश मित्तल, कपिल मित्तल, राजेन्द्र सक्सैना, विकास गर्ग, गोविन्द सिंह रावत, पवन मित्तल, वरुण गोयल, जीवन बोरा, डी एस राजपूत, हेमा पाण्डेय, सुशीला गोयल, संगीता मित्तल, सरिता मित्तल, कौशल्या गर्ग, जया रावत, निशा मित्तल, श्वेता मित्तल आदि मौजूद रहे।

होली चाइल्ड स्कूल में वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।होली चाइल्ड स्कूल के ऑडिटोरियम में वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन सी.बी.एस.ई. द्वारा किया गया। यह कार्यशाला सी.बी.एस.ई. की हब ऑफ लर्निंग योजना के अन्तर्गत आयोजित की गई। इस कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन शिक्षा क्षेत्र में विशेष अनुभव प्राप्त अर्चित टंडन (सीएस), होली चाइल्ड स्कूल के प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे व उपप्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी ने कार्यशाला का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस कार्यशाला में होली चाइल्ड स्कूल के अलावा उसके पार्टनर स्कूल ब्लमिंग डेल्स स्कूल, जे.के.कॉन्वेन्ट और जी. एन.डी. पब्लिक स्कूल के 60 से अधिक अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन अर्चित टंडन ने वित्त व्यवस्था के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हम किस प्रकार से अपनी कमाई अथवा पूँजी का कुछ हिस्सा बचत योजनाओं में लगाकर अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने विभिन्न प्रकार की योजनाओं जैसे - नेशनल पेंशन स्कीम, सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान, म्यूचुअल फंड, सुकन्या समृद्धि योजना, स्वास्थ्य बीमा, जीवन बीमा इत्यादि पर विस्तार से जानकारी दी। उनके द्वारा दी गई जानकारी अत्यन्त लाभप्रद रही। कार्यक्रम के अन्त में होली चाइल्ड स्कूल के प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे ने कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन अर्चित टंडन को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और इस लाभदायक जानकारी के लिए धन्यवाद दिया।

बसंती पूजा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

रवीन्द्र नगर बसंती दुर्गा पूजा महोत्सव
आयोजक :- रियल गेट - अप स्पोर्टिंग क्लब रजि. रवीन्द्र नगर, रुद्रपुर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।रविंद्र नगर वार्ड 37 में रियल गेट अप स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित श्री श्री बसंती पूजा महोत्सव में आज प्रात: नवमी पूजन के पश्चात पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। उससे पूर्व गत दिवस तृतीय दिन सप्तमी पूजा में गत रात्रि आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शहर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं जगदीश कलर लैब के स्वामी जगदीश टंडन, वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट जीवन राय और वरिष्ठ अतिथि युवा समाजसेवी एवं युवा बांग्ला छात्र संगठन पूर्व अध्यक्ष अमित वैद्य द्वारा फीता काटकर प्रारंभ किया गया। साथ ही कमेटी के सदस्य द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ऑर्केस्ट्रा टीम द्वारा गायन का आयोजन किया गया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष एसपी सरकार, उपाध्यक्ष प्रदीप दास, सचिव तारक अधिकारी, उपसचिव सूरज विश्वास, कोषाध्यक्ष अर्जुन, संस्कृतिक प्रभारी भारती सरकार, निकिता मल्लिक, सुनील घोष, सुब्रत, शुभम, वंश, देवास, महिंद्र पाल, महेश मंडल, गोपाल शाह, शाँति मंडल, अनूप सरकार, मान सिंह, प्रभास वैद्य, मानदार मंडल, मनोज अधिकारी, संजय घोष, शिव वैद्य, सुमन मंडल, बलाई मंडल, अजय मंडल, सुकुमार सरकार, रंजीत राय, अजय सरकार, शुभम रफ्तान आदि लोग उपस्थित थे।

खनन प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों की डीएम ने सुनी समस्याएं

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने जनपद के खनन प्रभावित क्षेत्र तहसील पिथौरागढ़ के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत खर्कदौली पहुंचकर क्षेत्रीय ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत खर्कदौली कुण्डल महर व ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याएं जिलाधिकारी को बताई। ग्रामीणों ने क्षेत्र अंतर्गत स्थित शहीद हरीश गुरुंग मोटर मार्ग (छुरमलगांव-गाड़गांव) के डामरीकरण व सड़क के किनारे बरसाती जल की निकासी हेतु नाली निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई। जिस पर जिलाधिकारी ने मेरी गांव मेरी सड़क योजना के अंतर्गत सड़क का डामरीकरण व नाली निर्माण कराए जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत खर्कदौली के निर्माणाधीन बारात घर एवं लक्षैर मंदिर के सौन्दर्यकरण कार्यों की द्वितीय किस्त जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि से दिलाये जाने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने द्वितीय किस्त जारी किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाड़गांव की छत टपकने की समस्या का समाधान करने की मांग जिलाधिकारी से की। जिस पर जिलाधिकारी ने विद्यालय भवन का स्थलीय निरीक्षण कर विद्यालय भवन की छत तुड़वाकर टिनशैड का निर्माण कराए जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय सेठीगांव का भी स्थलीय निरीक्षण कर विद्यालय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बच्चों को दिए जाने वाले मिड डे मील के राशन के सैंपल भी जांच हेतु लिये तथा उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य को निर्देश दिए कि समय-समय पर प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण कर छात्रों को दिए जाने वाले मिड डे मील राशन के सैंपल लेकर जांच करवाई जाए। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि बच्चों को मानकानुसार गुणवत्तायुक्त मिड डे मील ही परोसा जाय। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान कम छात्र उपस्थिति पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी प्रकट की गई तथा शिक्षकों को छात्र उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से विभिन्न विषयों पर प्रश्न भी पूछे तथा सवाल करवाकर भी देखें। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को शिक्षण कार्य और बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य को निर्देश दिए कि उनकी ओर से यह आदेश पारित किये जायें कि अवकाश पर जाने से पूर्व शिक्षक संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र देने के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारियों को भी प्रार्थना पत्र का प्रेषण करेंगे। इस दौरान ग्रामीणों ने ध्वज मंदिर मार्ग पर तिकचौरी में गेट निर्माण एवं तिकचौरी से मंदिर तक 2 किमी ट्रैकिंग रूट निर्माण की मांग जिलाधिकारी से की। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि ध्वज मंदिर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु ध्वज मंदिर विकास की कार्य योजना तैयार की जाएगी। जिलाधिकारी ने ध्वज मंदिर मार्ग पर मड़मानले क्षेत्र में स्थित अमृत सरोवर (तालाब) का भी स्थलीय निरीक्षण किया तथा तालाब सूखा दिखाई देने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट की। जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर तालाब निर्माण की डीपीआर की जांच कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आपत्ति जताई कि जब तालाब में पानी एकत्रित होने के लिए कोई जलस्रोत नहीं है तो इस तालाब की डीपीआर क्यों बनाई गई। इसके अलावा ग्रामीणों ने क्षेत्र में खेल मैदान बनाए जाने, स्ट्रीट लाइट लगाए जाने, सिंचाई नहर मरम्मत आदि की मांग भी जिलाधिकारी से की। जिस पर जिलाधिकारी ने कार्य कराए जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य, जिला खनन अधिकारी राहुल नेगी, ग्राम प्रधान खर्कदौली कुंडल मेहर आदि उपस्थित थे।

महामारी और बेहतर रोग नियंत्रण की तैयारी पर वैज्ञानिक सलाहकारों ने किया सामूहिक मंथन

मिशन वन हेल्थ: विज्ञान और प्रौद्योगिकी में विविधता समानता,समावेश और पहुंच की सुविधा विकसित होगी

G20 C-SAR
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE
G20 Chief Science Advisers' Roundtable
First Meeting

रामनगर(उद संवाददाता))। जी-20 मुख्य विज्ञान सलाहकार गोलमेज सम्मेलन की बैठक में विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़े पारस्परिक हित के वैश्विक मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। एक दिवसीय गोलमेज बैठक में निम्न विषयों पर चर्चा हुई- बेहतर रोग नियंत्रण और महामारी की बेहतर तैयारी के लिए 'वन हेल्थ' पर चर्चा हुई। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) प्रोफेसर अजय सूद प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) कार्यालय में वैज्ञानिक सचिव डॉ. परविंदर मैनी और जी-20 सचिवालय में अवर सचिव श्री नमन उपाध्याय ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि जी-20 सीएसएआर, भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत एक एक प्रमुख कार्यक्रम है। जिसका नेतृत्व भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय कर रहा है। बुधवार को पहले दिन वैश्विक प्रयासों का समन्वय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में विविधता, समानता, समावेश और पहुंच की सुविधा तथा समावेशी, सतत और कार्य-उन्मुख वैश्विक विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति संवाद के लिए एक संस्थागत व्यवस्था पर विचार विमर्श हुआ। "बेहतर रोग नियंत्रण और महामारी की बेहतर तैयारी के लिए 'वन हेल्थ' में अवसर" विषय के तहत, महामारी को ध्यान में रखते हुए सशक्त, अनुकूल और समय पर कार्रवाई के लिए महामारी से जुड़ी तैयारी की योजना, मनुष्यों, पशुधन और वन्य जीवन के लिए एकीकृत रोग निगरानी तंत्र, वन हेल्थ के रोगों के लिए अनुसंधान एवं विकास का रोडमैप तथा विश्लेषण में निवेश जैसे रोग मॉडलिंग, एआई/एमएल उपकरण और डेटा मानक आदि पर चर्चा हुई।"विशिष्ट वैज्ञानिक ज्ञान तक पहुंच का विस्तार करने के वैश्विक प्रयासों का समन्वय" विषय के तहत, नि:शुल्क, तत्काल और सार्वभौमिक पहुंच सुविधा; पत्रिकाओं को ग्राहक शुल्क और उनके द्वारा लगाए जाने वाले निबंध प्रसंस्करण शुल्क को कम करने, अंतर्राष्ट्रीय ज्ञान-भण्डार यानि अभिलेखागार के साथ राष्ट्रीय ज्ञान-भण्डार के लिए परस्पर संचालित लिंक की स्थापना और सार्वजनिक वित्त पोषित वैज्ञानिक अनुसंधान के ज्ञान आउटपुट को व्यापक रूप से उपलब्ध कराने के लिए खुली पहुंच का कार्यादेश आदि पर चर्चा की चर्चा की गयी।बैठक का तीसरा विषय विज्ञान और प्रौद्योगिकी में विविधता, समानता, समावेश और पहुंच की सुविधा का रहा। भाग लेने वाले देशों ने बड़े वैज्ञानिक उद्यम तक कम-प्रतिनिधित्व प्राप्त, कम-विशेषाधिकार प्राप्त, वंचित, अल्पसंख्यक समुदायों के साथ-साथ जनजातीय/मूल समुदायों की पहुंच को सुविधाजनक बनाने के अपने प्रयासों को साझा किया। सत्र में, वैज्ञानिक सत्यापन प्रक्रिया के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणाली (टीकेएस) को ज्ञान की औपचारिक प्रणाली में शामिल करना और भाषा विविधता की क्षमता की पहचान करना एवं वैज्ञानिक ज्ञान तक पहुंच में आने वाली बाधाओं को दूर करना आदि पर भी चर्चा की गई।चौथे सत्र में समावेशी, सतत और कार्य-उन्मुख वैश्विक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति संवाद के लिए एक संस्थागत व्यवस्था की आवश्यकता पर चर्चा हुई। इस बात पर सहमति बनी कि वैज्ञानिक सलाहकार, साक्ष्य-संचालित विज्ञान सलाह प्रदान करके नीतिगत विकल्पों को स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और सहयोग तथा संवाद की भावना के साथ, यह मुख्य विज्ञान सलाहकारों की जिम्मेदारी है कि वे अंतर्राष्ट्रीय संवाद में सहयोग करें और इसमें शामिल हों, ताकि सम्पूर्ण वैज्ञानिक उद्यम को प्रभावित करने वाले वैश्विक मुद्दों का समाधान किया जा सके एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी सभी को लाभ प्रदान कर सके। निर्णय लिया गया कि आज चर्चा किए गए विषयों पर विचार-विमर्श, अगस्त 2023 तक जारी रहेंगे।

मानव,पशु और वन्यजीवों की बीमारियों पर नजर रखने के लिए सर्विलांस,पर्यावरण सर्विलांस की सशक्त भूमिका : प्रो.अजय सूद

रामनगर। जी-20 समिट में चीफ साइंस एडवाइजर्स राउंडटेबल में चार एजेंडा पर मंथन हुआ। स्वास्थ्य की चुनौतियों को लेकर खाका खींचा गया है। समिट में वन हेल्थ पर मंथन किया गया। इसृमें तय हुआ कि मानव, पशु और वन्यजीव के स्वास्थ्य को लेकर आने वाली चुनौतियों पर मिलकर कार्य करना होगा। इसी के तहत नागपुर में वन इंडिया हेल्थ मिशन लांच किया गया है, जिसमें 11 विभाग एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। नागपुर में वन हेल्थ इंस्टीट्यूट तैयार किया जा रहा है जो इस दिशा में कार्य करेगा और वह देश-विदेश के सभी संस्थाओं के संपर्क में रहेगा। सम्मेलन बुधवार सुबह 9:30 बजे शुरू हुआ। मुख्य सचिव एसएस संधू ने इसमें स्वागत भाषण दिया। ताज रिजॉर्ट के सभागार में आयोजित पत्रकारवार्ता की अध्यक्षता करते हुए प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) प्रो. अजय सूद ने बताया कि वन हेल्थ के तहत बीमारियों पर नजर रखने के लिए सर्विलांस की व्यवस्था, रोगों से निपटने को लेकर तैयारी, वैक्सीन निर्माण सहित अन्य कार्य किए जाएंगे जिसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि बीमारियों पर नजर रखने के लिए सर्विलांस, पर्यावरण सर्विलांस की सशक्त भूमिका है। ऐसी तकनीक हमारे पास है जिसके लिए बहुत बड़े स्तर पर काम करने की जरूरत नहीं है। कुछ प्रयास करके महामारी के बारे में पता लगा सकते हैं। डॉ. सूद ने बताया कि दुनिया में जो अनुसंधान होते हैं, उनकी सुलभता और पहुंच सभी तक हो, इसे लेकर भी कांफ्रेंस में बातचीत हुई। सभी एक मत थे कि सरलता से ज्ञान की सुलभता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे पास जो परंपरागत ज्ञान है, उस पर और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। परंपरागत ज्ञान को छोड़ना नहीं है बल्कि उसकी बेहतर चीजों से सीखने और उन्हें साथ लेकर चलने की जरूरत है। इससे दूरियां भी कम होंगी। चौथे एजेंडे पर वैश्विक विज्ञान सलाह तंत्र को मजबूत करने पर विशेषज्ञों ने मंथन किया। एक संस्थागत तंत्र को विकसित करने पर बातचीत हुई है जिससे सभी को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि रामनगर में जी-20 समिट के तहत एक कांसेप्ट नोट तैयार होगा जिसे वर्चुअल माध्यम से बातचीत करते हुए और परिमार्जित किया जाएगा। इसके बाद अगस्त में जी-20 सीएसएआर की बैठक पुन: होगी। इसमें रामनगर के कांसेप्ट नोट को फाइनल किया जाएगा। प्रेस वार्ता में प्रधान वैज्ञानिक प्रो. अजय कुमार सूद ने बताया कि जलवायु परिवर्तन से होने वाली बीमारी को लेकर भी चिंतन हुआ। हमें इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। वन्यजीवों को केवल संरक्षण के नजरिये से नहीं देखना चाहिए। उनकी बीमारी और रोकथाम को लेकर भी कार्य होना है। उन्होंने कहा कि मानव से पशु, पशु से मानव में होने वाली बीमारी को अलग-अलग नहीं, समग्र दृष्टि से देखने की जरूरत है।

आतिथ्य से गदगद हैं विदेशी मेहमान:धामी

रामनगर। सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि जी-20 समिट में शामिल मेहमान रामनगर में आतिथ्य से गदगद हैं। वे जब यहां से वापस जाएंगे तो प्रतिनिधि के तौर पर नहीं, बल्कि रामनगर, जिम कार्बेट पार्क और उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर की तरह यहां के बारे में अपने देशवासियों को बताएंगे। सीएम धामी यहां आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि पहले अप्रैल-मई में दो जी-20 की बैठक होने की बात थी। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नैनीताल जिले में भी बैठक कराए जाने का अनुरोध किया गया था। प्रधानमंत्री की सहमति के बाद तत्काल विदेश मंत्रालय ने नैनीताल जिला प्रशासन से संपर्क किया और रुद्रपुर, हल्द्वानी व रामनगर को देखा गया। इसके बाद जी-20 की तैयारियां शुरू की गईं। देश में होने वाली जी-20 की पांच प्रमुख बैठकों में से एक रामनगर में हो रही है। अधिकारियों ने बेहतर कार्य किया है। यह बैठक जनता के लिए एक उत्सव की तरह है जिसे लोग धूमधाम से मना रहे हैं।

बहुद्देशीय शिविर में दर्जनों लाभार्थियों को मिला सरकार की योजनाओं का लाभ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एक साल नई मिसाल कार्यक्रम के तहत जनसेवा की थीम पर आधारित राज्य सरकार का एक साल पूरा होने पर सरकार की उपलब्धियों पर आधारित बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन विकास खण्ड रूद्रपुर में किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक शिव अरोरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार गरीबों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रहा ही है। वर्तमान में पड़ोसी देश जहां भुखमरी हो रही हैं, वहीं हमारी सरकार जनता को घर-घर फ्री राशन देने का काम कर रही है। गरीबों को 3 गैस सिलैंडर फ्री देने की व्यवस्था करने के साथ ही राज्य सरकार द्वारा पति-पत्नी दोनो को वृद्धावस्था पेंशन देने का भी काम किया जा रहा है। शिक्षा को उन्नयन एवम बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहें हैं और कक्षा 1 से 8 तक निःशुल्क किताबें दी जा रही हैं। विद्यार्थियों को टैबलेट देने का कार्य भी सरकार द्वारा किया गया हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दूरस्थ क्षेत्र की जनता तक पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ उठाने से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को करना होगा। इस अवसर पर एक साल नई मिसाल के उपलक्ष्य पर श्रीमती जयश्री, गीता, रजनी, अनीता, दिव्या व रीना 05 महिलाओं को महालक्ष्मी किट, समाज कल्याण विभाग द्वारा द्विव्यांगों को 07 ट्राई साइकिल, 02 व्हील चेयर व मुख्यमंत्री आवास योजना के 11 स्वीकृत पत्र वितरित दिये। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 20 लोगो को रू0 10,000 हजार धनराशि के चेक प्रदान किये गये। शिविर में जल संस्थान विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगर निगम, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाये व विभाग से संबन्धित योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, तहसीलदार रूद्रपुर व समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध उपस्थित थे।

मंदिरों में भक्तिभाव से मनाया श्री राम नवमी का पर्व

श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर लिया आर्शीवाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैत्र मास के पावन नवरात्र पर्व पर आज सभी मंदिरों में रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया वहीं श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से मां सिद्धिदात्रि की पूजा अर्चना की गई साथ ही कन्या पूजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्रि को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान, सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि समर्पित कर मां की पूजा अर्चना की। जिसके पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा अपने आवास, प्रतिष्ठान व मंदिरों में कन्याओं का विधि विधान से पूजन किया गया। जिसमें कन्याओं के चरण धोकर उन्हें चुनरी ओढाकर पूजा की तथा उन्हें प्रसाद खिलाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कन्याओं को कई उपहार भी भेंट किये। नवरात्र के नवमी पर्व पर नगर के सभी मंदिरों में श्री रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिरों में कई धार्मिक आयोजन आयोजित किये गये। किच्छा मार्ग पर मानव कुष्ठ आश्रम में अखण्ड रामायण पाठ, हवन जाप, अखण्ड महामंत्र व भंडारा आयोजित किया गया। वहीं विश्व हिंदू परिषद द्वारा दोपहर रामलीला मैदान बस स्टेशन के सामने से बाईक रैली के रूप में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री राम नवमी पर्व पर आयोजित 22 मार्च से प्रारंभ हुए श्री राम चरित मानस पाठ का आज प्रातः समापन हुआ। जिसके पश्चात श्री रामजी के अवतरण का दृश्य प्रदर्शित किया गया एवं महिलाओं द्वारा बधाई गीत गाये गये। श्री नव दुर्गा मंदिर में गत रात्रि मां का विशाल जागरण आयोजित हुआ। आज प्रातः आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, कौशल्या एन्कलेव, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, भदईपुरा, भूतबंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखार्जीनगर, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर, महाराजपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, फ्रेंड्स कालोनी, मटकोटा, ओमैक्स कालोनी, मैट्रोपोलिस कालोनी, सैनिक फार्म आदि स्थानों पर सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

पूर्व राज्यपाल ने दिया ओलिवीया को आशीर्वाद

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एम डी लवली हुड़िया के कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री व महामहिम पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान एम डी लवली हुड़िया की 5 वर्षीय बिटिया ओलिवीया ने महामहिम राज्यपाल भगत दा का स्वागत करते हुए तिलक किया। वही भगत दा द्वारा ओलिवीया को लाल चुनरी ओढ़ाते हुए कहा आज अष्टमी का पावन पर्व है और भगवती स्वरूपा ओलिवीया ने उन्हें तिलक कर आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा उनका उत्तराखंड में पुनः वापसी पर माँ का आर्शीवाद मिला है जिस से वह स्वयं को भाग्यशाली मानते है।महामहिम राज्यपाल द्वारा अनहद ग्रुप के कर्मचारियों एवं एम डी से मुलाकात कर सभी के उज्ज्वल भविष्य की काँमना की ।वही लवली हुड़िया द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर महामहिम राज्यपाल भगत दा का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक हुड़िया, जुगनू हुड़िया, अनहद हुड़िया, रजत हुड़िया, राजकुमार भड्डी, परमजीत सिंह पम्मा आदि मौजूद रहे।।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us
98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com



.HAPPY.
Birthday
गोल्डन एजेंसी, रुद्रपुर के स्वामी किशोर अरोरा जी को जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त क्षेत्रवासियों को श्री राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
रेनु अरोरा अध्यक्ष
गुरुशरन बब्बर(सन्नी) सचिव
कृष्ण नारंग कोषाध्यक्ष
स्थान : श्री दुर्गा मन्दिर गली, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

श्री सनातन धर्म सभा (रजि.) रुद्रपुर
श्री राम नवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
सहयोगी संस्थाएं
श्री लक्ष्मी नारायण (पांच मन्दिर), श्री हरि मन्दिर, श्री रामबाग श्मशान घाट, श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय, श्री सनातन धर्म कन्या इण्टर कालेज, श्री सनातन धर्म विद्या मन्दिर, श्री सनातन स्त्री सत्संग सभा, श्री सनातन धर्म महावीर दल, श्री सनातन धर्म युवा मंच
महेश बब्बर अध्यक्ष
ओमप्रकाश अरोरा महामंत्री
आनन्द कुमार, कोषाध्यक्ष

समस्त क्षेत्रवासियों को श्री राम नवमी की हार्दिक शुभकामनायें
जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

नगरपालिका परिषद ने निकाली जागरूकता रैली

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगरपालिका परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ मशाल मार्च एवं यूमैन लैड सैनीटेशन से संबंधित रैली निकाली गयी। रैली का राजकीय इण्टर कालेज से प्रारम्भ हुई। रैली का शुभारम्भ पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस एवं अधिशासी अधिकारी जगदीश चन्द्रा द्वारा संयुक्त रुप से किया। रैली मुख्य बाजार से होते हुए नगरपालिका कार्यालय पर समाप्त हुई।

SWACHHOTSAV
#WomenLedSanitation

रैली में लोगों को सफाई व्यवस्था में सहयोग के साथ-साथ पॉलोथीन से निर्मित सामग्री का प्रयोग न करने का आहवान किया गया। रैली में देवभूमि स्वयं सहायता समूह, निधि स्वयं सहायता समूह, एकता स्वयं सहायता समूह आदि समूहों की महिलाओं एवं पालिका के पर्यावरण मित्रों द्वारा रैली में प्रतिभाग किया गया। जिसमें निकाय के कर एवं राजस्व निरीक्षक सीताराम, कर लिपिक अशोक कुमार बांगा, स्वास्थ्य लिपिक विजेन्द्र कुमार, कर संग्रहकर्ता मुकेश कुमार, जयपाल शर्मा, जानकी प्रसाद जोशी, पर्यावरण पर्यवेक्षक राजेन्द्र कुमार, राहुल, केपीएस सफाई इन्चार्ज एनडी तिवारी एवं अरुण कुमार, तौफिक, दिपेश जोशी, बंटी आदि मौजूद रहे।

उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

नफरती भाषणों का प्रभाव

देश में नफरती सियासी और धार्मिक भड़काऊ भाषणों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर कड़ी टिप्पणी की है। एक मामले पर दो दिनों तक चली सुनवाई में अदालत ने केंद्र सरकार से पूछा कि ऐसे नफरती भाषणों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई हुई है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय पहले भी अलग-अलग मामलों की सुनवाई करते हुए राजनेताओं और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों को सार्वजनिक मंचों से बोलते वक्त संयम बरतने की नसीहत दे चुका है, मगर इस प्रवृत्ति में कोई सुधार नजर नहीं आता। नफरती भाषणों के खिलाफ सख्त कानून हैं, मगर चिंता की बात है कि पुलिस और प्रशासन ऐसे मामलों पर चुनिंदा ढंग से कार्रवाई करते देखे जाते हैं। स्वाभाविक ही ताजा मामले में उसने इस पर तल्ख टिप्पणी की। दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि जब तक राजनीति में धर्म का समावेश होता रहेगा, ऐसे नफरती भाषणों पर अंकुश लगाना संभव नहीं होगा। भारत के लोग दूसरे समुदायों के लोगों का अपमान न करने का संकल्प क्यों नहीं लेते। अदालत ने जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भाषणों को लोग दूर-दूर से सुनने आते थे। वैसी नजीर अब कोई नेता क्यों पेश नहीं करना चाहता। अदालत ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि लोग समुदाय विशेष को लेकर ही नफरती भाषणों के खिलाफ चुनिंदा तरीके से मुकदमे क्यों दर्ज कराते हैं। उनमें सभी समुदायों और पंथों के खिलाफ दिए गए नफरती भाषणों पर सख्ती क्यों नहीं दिखाई जाती।सर्वोच्च न्यायालय लंबे समय से ऐसे भाषणों, बयानों और तकरीरों के खिलाफ सख्त रहा है। करीब दो महीना पहले महाराष्ट्र में आयोजित सकल हिंदू समाज की रैली को लेकर निर्देश दिया था कि राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि वहां कोई नफरती भाषण न होने पाए। उस रैली की वीडियो रिकार्डिंग का भी आदेश दिया था। जब जगह-जगह धर्म संसद करके समुदाय विशेष के खिलाफ नफरती और भड़काऊ भाषण दिए गए थे, तब भी अदालत ने सरकार को सख्त लहजे में इस पर काबू पाने को कहा था।मगर राजनीतिक दलों के प्रवक्ताओं और नेताओं को शायद ऐसे अदालती आदेशों-निर्देशों की कोई परवाह नहीं है। खुद सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात का उल्लेख किया है कि टीवी चौनलों पर आए दिन राजनीतिक दलों के प्रवक्ता सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले वक्तव्य देते रहते हैं। राजनेताओं से किसी भी ऐसे आचरण की अपेक्षा नहीं की जाती, जिससे सामाजिक ताने-बाने पर बुरा प्रभाव पड़ता हो। मगर इस दौर की राजनीति का स्वरूप कुछ ऐसा बनता गया है कि दूसरे धर्मों, संप्रदायों, समुदायों के खिलाफ नफरती भाषण देकर अपना जनाधार बढ़ाने का प्रयास किया जाने लगा है। जाहिर है, उसमें भाषा की मर्यादा का भी ध्यान नहीं रखा जाता।सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी से स्पष्ट है कि इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए सरकारों को संजीदगी दिखाने की जरूरत है। नफरती भाषणों के खिलाफ सख्त कानून हैं, मगर चिंता की बात है कि पुलिस और प्रशासन ऐसे मामलों पर चुनिंदा ढंग से कार्रवाई करते देखे जाते हैं। इसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा तो केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए वकील ने कहा कि ऐसे अठारह मामलों में प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। मगर उन पर कार्रवाई क्या हुई, इसका जवाब उनके पास नहीं था। छिपी बात नहीं है कि किस-किस राजनीतिक दल के कौन-कौन से नेता और प्रवक्ता किन-किन मौकों पर क्या-क्या नफरती बोल बोल चुके हैं। मगर विडंबना है कि उन्हें रोकने की जरूरत नहीं समझी गई और वे ऐसे विद्वेष भरे भाषण देते रहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की ताजा टिप्पणी को राजनीतिक दल कितनी गंभीरता से लेंगे, कहना मुश्किल है।

लचीला परिदृश्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर संगोष्ठी का आयोजन

देहरादून(उद संवाददाता)। भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद (आई सी फ आर ई) देहरादून और इंटरनेशनल यूनियन ऑफ फॉरेस्ट रिसर्च ऑर्गेनाइजेशनस (आईयूएफअ रओ) द्वारा संयुक्त रूप से 'लचीला परिदृश्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग' पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रिया, कनाडा, जर्मनी, नीदरलैंड, नेपाल, चीन, अर्जेंटीना, बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, इथियोपिया, मलावी, चीन और श्रीलंका से कुल मिलाकर 225 वानिकी, कृषि, प्रकृति संरक्षण, जल संसाधन प्रबंधन और खनन के क्षेत्रों के विशेषज्ञ और वैज्ञानिक सम्मिलित हो रहे हैं कार्यक्रम की शुरुआत आईसीएफआरई के सभागार में उद्घाटन समारोह के साथ हुई। सुभाष चंद्रा, सीईओ, कैम्पा, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। डॉ. जॉन ऐ. पैरोटा, प्रोग्राम लीडर, यू.एस. फॉरेस्ट सर्विस, ने अध्यक्ष के रूप में आईयूएफआरओ का प्रतिनिधित्व किया। आर.के. डोगरा, प्रभारी निदेशक, आईसीएफआरई- एफआरआई, देहरादून ने गणमान्य व्यक्तियों, विशेष आमंत्रितों, विभिन्न संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों, विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों, वैज्ञानिकों और सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया और संगोष्ठी की पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी दी। पर्यावरण और भूमि पर विकास गतिविधियों के हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए, मुख्य अतिथि सुभाष चंद्रा ने पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'लाइफ' मिशन पहल के उद्देश्यों पर बात की। उन्होंने कृषि, वानिकी, बागवानी, कृषिवानिकी और प्रकृति संरक्षण क्षेत्रों में आपसी सहयोग को बढ़ाने, विभिन्न हितधारकों जैसे सरकारों, नागरिकों, निजी क्षेत्र और स्थानीय समुदायों की समग्र प्रतिभागिता सुनिश्चित करने, और जलवायु-स्मार्ट वानिकी और कृषि प्रथाओं का उपयोग करने का सुझाव दिया जिससे भूमिक्षरण को रोका जा सके। इस संबंध में उन्होंने कैम्पा, राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम, हरित भारत मिशन और नगर वन योजना आदि जैसी विभिन्न योजनाओं के तहत मंत्रालय के चल रहे प्रयासों को भी साझा किया। सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा के लक्ष्यों के तहत इस संगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अरुण सिंह रावत, महानिदेशक, आई सी घ्फ आर ई ने भारत सरकार की वन और भूमि उत्पादकता वृद्धि योजनाओं के निष्पादन में मंत्रालय के साथ मिलकर काम करने में आईसीएफआरई की प्रतिबद्धता को बताया। उन्होंने इस दिशा में परिषद् की महत्वपूर्ण पहलों के बारे में जानकरी दी। इनमें भारत के विभिन्न भागों में कोलमाइन ओवरबर्डन, लाइम स्टोन माइन्स, सोडिक मिट्टी, क्षरित पहाड़ियों, जलभराव क्षेत्र और रेगिस्तानी टीलों की बहाली के लिए समग्र पैकेज का विकास, वानिकी के माध्यम से 13 प्रमुख नदियों के पुनरुद्धार के लिए डीपीआर तैयार करना, मंत्रालय के हरित कौशल विकास कार्यक्रम का क्रियान्वयन, 129 लौह और मैंगनीज अयस्क खानों के सुधार और पुनर्वास की योजना शामिल हैं। उन्होंने विशेष रूप से सतत भूमि प्रबंधन पर आईसीएफआरई उत्कृष्टता केंद्र में चल रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन शिक्षा में पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के लिए बिम्सटेक क्षेत्र में देशों के बीच सहयोग बढ़ाने में आईयूएफआरओ के साथ आई सी घ्फ आर ई के सक्रिय सहयोग पर भी बात की। उन्होंने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन शिक्षा में पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के लिए बिम्सटेक क्षेत्र में देशों के बीच सहयोग बढ़ाने में तथा इस संगोष्ठी की मेजबानी में आईयूएफआरओ के साथ आई सी घ्फ आर ई के सक्रिय सहयोग का भी जिक्र किया। डॉ. जॉन ए. पैरोटा ने अपने संबोधन में आईयूएफआरओ, इसके उद्देश्यों और दीर्घकालीन जीविका और मानव कल्याण हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में बात की। सामाजिक-आर्थिक और पारिस्थितिक संदर्भ में वनों और वनों के बाहर वृक्षों की भूमिका को व्यक्त करते हुए, उन्होंने क्षरित हुई भूमि की बहाली के लिए सामूहिक रूप से काम करने के लिए दुनिया भर में अंतर क्षेत्रीय सहयोग और सहयोग पर जोर दिया। सत्र के पश्चात, प्रतिभागियों द्वारा मसूरी हिल्स और राजाजी नेशनल पार्क का भ्रमण किया गया, जहां उन्हें चूना पत्थर खनन क्षेत्रों और क्षतिग्रस्त पहाड़ी क्षेत्रों की बहाली के लिए विकसित किये गए तरीकों और कई अलग-अलग क्षेत्रों की वनस्पति, और वन प्रकार तथा वन्य जीवन प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गयी। संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ. दिनेश कुमार द्वारा प्रस्तावित धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सत्र का समापन हुआ। सत्र का संचालन सुश्री विजया रात्रे ने किया।

for Resilient Landscapes
29-30 March 2023
ICFRE-Forest Research Institute, Dehradun, India
Organised by
LiFE
G20

दस साल पुराने आटो-विक्रम हटाने के निर्णय पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

नैनीताल। हाई कोर्ट ने आरटीओ देहरादून के 10 साल से अधिक पुराने आटो व विक्रम को सीएनजी या बी-6 में बदले जाने के निर्णय पर रोक लगा दी है। यह आदेश ऋषिकेश, हरिद्वार व रुड़की में भी लागू होगा। विक्रम जन कल्याण समिति देहरादून ने आरटीओ देहरादून के एक नवंबर 2022 के प्रस्ताव संख्या 7-ए को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याचिका में कहा गया कि आरटीओ ने निर्णय लिया था कि दस साल पुराने आटो व विक्रम को 31 मार्च 2023 तक सीएनजी या बी-6 मानक के अनुरूप बदला जाए। जबकि 10 साल से कम अवधि के आटो व विक्रम के लिए यह समय सीमा 31 दिसंबर 2023 निर्धारित है। मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 59 के मुताबिक किसी भी वाहन की उम्र केंद्र सरकार नोटिफिकेशन के जरिए तय करती है। वरिष्ठ न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने आरटीओ देहरादून के प्रस्ताव पर रोक लगाते हुए अगली सुनवाई की तिथि 28 अप्रैल निर्धारित की है। इसी तरह की याचिकाएं ऋषिकेश, हरिद्वार व रुड़की की भी थीं। यही आदेश यहां भी लागू होगा। आरटीओ ने पिछले साल एक नवंबर को निर्णय लिया था कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार और विकासनगर से डीजल चालित विक्रम और आटो को बाहर किया जाएगा। इसमें दस वर्ष से अधिक पुराने डीजल आटो व विक्रम का संचालन 31 मार्च-2023 के बाद बंद करने, जबकि दस वर्ष से कम उम्र के डीजल चालित आटो एवं विक्रम का संचालन 31 दिसंबर-2023 के बाद पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया गया था। इनके बदले दून में बीएस-6 पेट्रोल, सीएनजी या इलेक्ट्रिक चौपहिया टाटा मैजिक वाहन चलाने का निर्णय हुआ था। इसके लिए परिवहन विभाग ने दून शहर में 18 मार्ग भी बनाए और स्टेज कैरिज के तहत परमिट आवंटन भी शुरू कर दिया था।

Guru Maa Advanced Dental Care
GURU MAA ADVANCED DENTAL CARE
PRESENTING
invisalign®
First Time in Your City
Transform Your Smile Without Braces
WATCH YOUR BEFORE AND AFTER SMILE ON THE SPOT.
"WITHOUT ANY COST"
Smile That You Will Love, Experience, That You Will Enjoy
डॉ. आँचल ढींगरा
बी.डी.एस, एम.डी.एस. एंडोडोन्टिस्ट
रूट कैनाल स्पेशलिस्ट
कॉस्मेटिक डेन्टीस्ट
सर्टिफाइड एस्थेटिक डेन्टिस्ट
डॉ. करन भल्ला
एम. डी. एस. ऑर्थोडोन्टिक्स
सर्टिफाइड लिंगुअल ऑर्थोडोन्टिस्ट (जर्मनी)
सर्टिफाइड इनविजलाइन यूजर,
प्लेटिनम इनविजलाइन प्रोवाइडर
स्पेशलाइज़ फॉर इंविसालिंग ट्रीटमेंट
THE INVISIBLE TEETH ALIGNMENT SOLUTION
- Fixes Misaligned Teeth (टेढ़े दांतों से पाएं छुटकारा)
- Easier to Clean (साफ करने में आसान)
- More Comfort (अधिक आराम)
- Can be Taken off Anytime (कभी भी उतारा जा सकता है)
- No Food Adjustments (कोई खाद्य समायोजन नहीं)
- Look Better (बेहतर दिखें)
- Your Oral Hygiene Routine Stays the Same (आपकी ओरल हाइजीन का रुटीन वही रहता है)
- Safe for Children, Adolescents, and Adults (बच्चों, किशोरों और वयस्कों के लिए सुरक्षित)
प्लॉट नं 1, सिविल लाइन्स, रुद्रपुर ✆ 05944-245666, 74528-80018 www.gurumaadentalcare.com

राम-निराकार भी,साकार भी

मन को अगर कुछ भाएगा नहीं तो मन हटने के लिए तैयार नहीं होगा। मन हटता ही तभी है जब उसे ऐसा कोई मिल जाता है जो एक सेतु की तरह हो: मन उसे जान भी पाए और दूसरे छोर पर वो कहीं ऐसी जगह हो जहाँ मन अन्यथा न जा पाता हो। अब ऐसे में अवतारों का, राम का, कृष्ण का महत्व आ जाता है। एक तरफ तो वो व्यक्ति हैं, उनकी कहानी, उनका आचरण ऐसा है जो मन को भाता है, सुंदर लगता है। और दूसरे सिरे पर वो उसकी ओर इशारा करते हैं जो व्यक्ति से पार की बात है। एक राम तो वो हैं जो दशरथ के बेटे थे, इतिहास का एक पात्र थे। और दूसरे राम वो हैं जिनकी ओर कबीर इशारा करते हैं। पहले राम दूसरे राम तक जाने का द्वार हैं। पहले और दूसरे में अंतर ये है कि दूसरा 'राम' एक है, पहले राम अनंत हैं। द्वार हजारों हैं। राम ही 'राम' का द्वार हों आवश्यक नहीं है। कृष्ण भी 'राम' के द्वार हैं। प्रत्येक संत राम का ही द्वार है। गुरु यदि गुरु है, तो 'राम' का द्वार है। दशरथ पुत्र राम एक कहानी हैं जो आपको कहानियों के पार स्थापित कर देते हैं। उस कहानी की उपयोगिता यही है कि शुरू तो कहानी होती है, अंत कहानी में नहीं होता। जैसे होता है, ध्वनि से शुरुआत होती है और मौन में अंत होता है, राम भी वैसे ही हैं। राम से शुरुआत होती है और 'राम' में अंत होता है। पहले और दूसरे राम में साकार और निराकार का अंतर है। साकार से शुरुआत होगी, निराकार में अंत होगा। शनिराकार रामश अपरिवर्तनीय हैं, उनमें कोई परिवर्तन नहीं आता, लेकिन प्रत्येक युग के साथ जो श्साकार रामश हैं, वो बदल जाते हैं, अलग-अलग हो जाते हैं। यही कारण है कि भारत में हर युग के अलग अवतार माने गए हैं। सत्य एक है, अवतरित अलग-अलग रूपों में होता है क्योंकि समय के साथ रूप बदलते हैं-बदलने चाहिए, अन्यथा उन रूपों की कोई उपयोगिता नहीं रह जाएगी। एक ओर तो 'राम' अक्षुण्ण हैं, अभेद हैं, समय उनको छू ही नहीं सकता; दूसरी ओर राम निरंतर परिवर्तनशील भी हैं, समय के साथ लगातार बदलते रहते हैं। आज का राम अलग होगा, आज के राम की लीला अलग होगी। अगर हम जागरूक हैं, अगर हम ध्यानी हैं, तो ही उस राम को हम देख पाएँगे।



-आचार्य प्रशांत

उत्तराखंड में विकास के लिए समग्र और व्यापक दृष्टिकोण पर काम करने की जरूरत: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा "जियोहजार्ड रिस्क असेसमेंट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट ऑफ उत्तराखण्ड हिमालय" विषय पर आयोजित संगोष्ठी में वर्चुअली संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियां आपदा हेतु बेहद संवेदनशील हैं। मानसून के समय मिट्टी के कटाव, भू-धसाव और भूकंपीय गतिविधियों के कारण निरंतर भूस्खलन का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील राष्ट्र बनने के लिए विकास एक आवश्यकता है, लेकिन हमें उत्तराखण्ड में ऐसे संसाधन जुटाने चाहिए जिनसे हम सतर्क और सुरक्षित रह सकें। यह ध्यान देना चाहिए कि संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण कार्य हेतु उचित मानकों का पालन हो। उन्होंने कहा कि इसके पालन हेतु तीन चरणों में कार्य कर सकते हैं, पहला खतरे को पहचानना, दूसरा प्रभाव क्षेत्र को पहचानना और तीसरा व सबसे महत्वपूर्ण है इसके निस्तारण के लिए सरकार, समाज व प्राइवेट संस्थानों का एक साथ मिलकर काम करना। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में जल विद्युत और सौर ऊर्जा के उपयोग की अपार संभावनाएं हैं। इनका व्यापक रूप से उपयोग करके हम अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से न केवल पहाड़ी क्षेत्रों में अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगी कि क्षेत्र के प्राकृतिक और सांस्कृतिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए और रोजगार के अवसर पैदा हों। इससे पलायन को रोकने में भी काफी मदद मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि हमें विकास के साथ-साथ आधारभूत संरचना के लिए प्राकृतिक संसाधनों के व्यापक उपयोग की ओर ध्यान देना चाहिए। हमें एक समग्र और व्यापक दृष्टिकोण पर काम करने की आवश्यकता है, जिसमें पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था के आयाम शामिल हों। उन्होंने कुमाऊँ विश्वविद्यालय को इस महत्वपूर्ण विषय पर मंथन सत्र आयोजित करने पर बधाई देने के साथ ही कहा कि इस प्रकार के मंथन व चर्चाओं की राज्य को बहुत आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि इस सत्र से निकलने वाले निष्कर्ष आने वाले समय में आपदा की रोकथाम के लिए निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होंगे।

राजभवन
उत्तराखण्ड

ku hrdcnainital

बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं थीम पर मनाया नवरात्रि नारी शक्ति उत्सव

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। माँ नन्दादेवी मन्दिर में नवरात्रि नारी शक्ति उत्सव का आयोजन 'बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं थीम' के साथ मनाया गया। माँ नन्दा देवी प्रांगण में कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पूर्ति अधिकारी दिव्या पाण्डे एवं समाज कल्याण अधिकारी आराधना त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कुर्मांचल अखबार एवं महिला सशक्तिकरण बाल विकास के संयुक्त प्रयास से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शोभा यात्रा, नन्दा देवी मन्दिर से प्रारम्भ होकर अल्मोड़ा शहर के विभिन्न स्थानों तक निकाली गई, तत्पश्चात् विभिन्न विद्यालयों के बालिकाओं द्वारा नारी शक्ति थीम पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, बालिकाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नारी शक्ति के विभिन्न झांकियॉ भी प्रस्तुत की गई, इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एंव बाल विकास विभाग द्वारा 11 महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट का वितरण किया, राष्ट्रीय पोषण मिशन के अन्तर्गत पोषण पखवाड़ा के तहत स्वस्थ बालक बालिका प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 09 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर 13 महिलाओं को महिला उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं ऐसे अभिभावको को जिनकी केवल पुत्रियॉ है ऐसे 08 अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनुजा सिजवाली, ग्रीन फिल्ड स्कूल, द्वितीय स्थान वैष्णवी जोशी, वंदना तिवारी तथा तृतीय स्थान गुड्डी आर्या, सिद्धि जोशी, अनन्या पाण्डे ने प्राप्त किया। इसी प्रकार झांकी प्रतियोगिता में ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान सरस्वती शिवाजी नगर, तृतीय स्थान मानस पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन कुर्मांचल अखबार के संपादक सी0पी0फुलोरिया के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास पीताम्बर प्रसाद, आशा पुरोहित सहायक श्रमायुक्त, बरखा कन्याल थाना प्रभारी, एवं विभिन्न विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन शालिनी तिवारी, प्रेरणा जोशी ने किया।

देहरादून समेत पांच शहरों को मिले छह आरओबी,ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिलेगा

देहरादून। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को देहरादून सहित पांच शहरों को छह रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का तोहफा दिया है। सेतु बंधन योजना के तहत केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) योजना में इसके लिए 193.92 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इससे इन सभी शहरों में ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिलेगा और लोगों के समय की बचत होगी। प्रदेश के पांच शहरों में रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम, दुर्घटनाएं और अन्य दिक्कतों को देखते हुए उत्तराखंड सरकार की ओर से रेलवे ओवर ब्रिज का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया था। अब केंद्र की ओर से सेतु बंधन योजना के तहत इसे मंजूरी दे दी गई है। आरओबी से शहरी यातायात सुचारू होगा और आवागमन में समय की बचत के साथ ही आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। छह में से चार आरओबी स्टेट हाईवे, जबकि दो शहरी सड़कों पर बनाए जाएंगे। देहरादून में धर्मपुर से माता मंदिर मार्ग पर 150 मीटर लंबे आरओबी का निर्माण 15.82 करोड़ रुपये की लागत से होगा।रुद्रपुर में स्टेट हाईवे संख्या पांच के किमी 15 पर 55.38 करोड़ की लागत से 120 मीटर लंबा आरओबी बनाया जाएगा।रुद्रपुर में स्टेट हाईवे पर ही किमी 18 पर 45.01 करोड़ रुपये की लागत से 90 मीटर लंबा आरओबी बनाया जाएगा।हल्द्वानी में इंद्रानगर, सन्नी बजार मंडी गेट पर 34.69 करोड़ रुपये की लागत से 60 मीटर लंबे आरओबी का निर्माण होगा।रुड़की के पास रुड़की-लक्सर-बालावाली राज्य मार्ग 26 पर किमी 16 पर 22 करोड़ से 70 मीटर लंबा आरओबी बनेगा।हरिद्वार में ज्वालापुर- सराय- आकढ़-बहादरपुर-धनपुरा मार्ग के किमी चार पर 21 करोड़ से 70 मीटर लंसा आरओबी बनेगा।प्रमुख सचिव लोनिवि आरके सुधांशु ने बताया कि सेतु बंधन कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड शासन की ओर से एक लाख से अधिक ट्रेन व्हीकल यूनिट (टीवीयू) वाले रेलवे क्रॉसिंग का चिन्हीकरण कर प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया था, जिसे केंद्र की ओर से मंजूर कर लिया गया है। इस योजना में भूमि हस्तांरण, यूटिलिटी शिफ्टिंग एवं वन भूमि हस्तांतरण की धनराशि राज्य सरकार की ओर से वहन की जाएगी। इसके अलावा निर्माण में आने वाले खर्च की 50 प्रतिशत राशि रेलवे मंत्रालय और 50 प्रतिशत केंद्र सरकार सीआरआईएफ के तहत वहन करेगी।

दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। विपरीत दिशा से आ रही दो बाइकों की भिड़ंत में टकराकर गिरे बाइक सवार एक युवक की पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। दुर्घटना के बाद पुलिस ने मौके से फरार हुए डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाईपास मार्ग पर ग्राम पिपलिया को जाने वाले मोड पर विपरीत दिशा से आ रही है एक बुलेट और हीरो ग्लैमर बाइक की भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने के परिणाम स्वरूप बाइक पर सवार निकट आईआईटी परिसर चंपावत हाल निवासी रामपुरम थाना आईटीआई काशीपुर निवासी भुवनेश चंद्र रोड पर जा गिरा। इस बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने भुवनेश को चपेट में लेते हुए कुचल दिया। पहिए के नीचे सिर कुचल जाने के कारण भुवनेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। भुवनेश की जेब से मिले ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर उसके परिजनों को घटना की सूचना दी गई। हादसे में मृतक भुवनेश के साथ बाइक पर सवार वैशाली कालोनी निवासी गरिमा नामक युवती और दूसरी बाइक पर सवार रूद्र पुर निवासी राम बहादुर एवं शशि भी घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एनडीआरएफ की 15 बटालियन की मेडिकल यूनिट ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने के उपरांत हालत गंभीर होने पर 108 सेवा वाहन से जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस ने मृतक भुवनेश के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है।

पेज एक का शेष...

मेहमानों ने की ...वन विभाग के चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन समीर सिन्हा ने बताया कि विदेशी डेलीगेट को कॉर्बेट पार्क की ओर से कॉफी टेबल बुक और टाइगर का स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

केंद्रीय स्स्वास्थ्य मंत्री..भी मलारी में ही करेंगे। अगले दिन वह देहरादून लौटकर दून मेडिकल कालेज के 500 बेड के अस्पताल और तीन जिलों में स्वीकृत 50-50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लाक की आधारशिला रखेंगे। मलारी में वह ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों के साथ वाइब्रेंट विलेज योजना के मद्देनजर विभिन्न विषयों पर विमर्श करेंगे। शुक्रवार को वह वापस देहरादून पहुंचेंगे और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ विभिन्न विषयों पर विमर्श करेंगे।

टैक्टर और कार की ..गर्जिया माता के दर्शन करने के लिए निकले। बताया जा रहा है कि महाष्टमी तथा जी-20 सम्मेलन के कारण रूट डायवर्ट होने तथा भीड़भाड़ अत्यधिक होने की वजह से कार सवार युवकों को बगैर माता के दर्शन के ही वापस लौटना पड़ा। बताते हैं कि वापसी में मुरादाबाद रोड पर सूर्या रोशनी के समीप रात्रि लगभग 10:30 राख से ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए साइड से कार में भीषण टक्कर मार दी। घटना के घटते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई इस दौरान खतरा भाप आरोपी ट्रैक्टर चालक वहां से फरार हो गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर लावारिस हालत में खड़े ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेते हुए कार में फंसे सभी पांचों युवकों को बाहर निकाला। रोड एक्सीडेंट की घटना में ऋषभ नामक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि चार अन्य दुर्घटना की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों में विष्णु को काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि तीन अन्य की हालत बेहद नाजुक देखते हुए उन्हें मुरादाबाद के एक अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। घटना के वक्त गाड़ी विष्णु चला रहा था। दुर्घटना की चपेट में आकर मौत के मुंह में समाए ऋषभ के बारे में जानकारी मिली है कि वह तीन भाई चार बहन है। मृतक अविवाहित था। वह पिछले कुछ समय से मुरादाबाद के लवीना रेस्टोरेंट में काम किया करता था। खबर लिखे जाने तक मृतक परिजनों द्वारा मामले की तहरीर पुलिस को देने की तैयारी चल रही है। सूर्या चौकी के समीप रोड एक्सीडेंट की कोई यह पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी दर्जनों गंभीर हादसे इसी पुलिस चौकी के आसपास घटित हो चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि राज्य की सीमा पर स्थापित पुलिस चौकी कुछ समय से अवैध उगाही की चपेट में है। इसी अवैध उगाही के चलते चौकी के आसपास अक्सर गंभीर दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। जानकारों का कहना है कि वाहन चेकिंग के नाम पर सूर्या पुलिस चौकी के पास शाम होते ही अवैध उगाही शुरू हो जाती है जो पूरी रात चलती है।

पुलिसकर्मी का आकस्मिक... दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक की पत्नी सीमा आर्या पुलिस लाईन में तैनात है जबकि मृतक का छोटा भी पुलिस में है वह वर्तमान में नैनीताल में तैनात है। मृतक का एक पुत्र है। मृतक की पत्नी सीमा के मुताबिक नीरज का स्वास्थ्य कुछ दिनों से खराब चल रहा था, उनका शुगर लेवल भी बढ़ा हुआ था। नीरज की आकस्मिक मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। नीरज के निधन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। एसएसपी डॉ मंजुनाथ टिसी ने मोर्चरी पहुंचकर शोक व्यक्त किया और परिजनों से मिल कर ढांढस बंधाया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाईन में मृतक पुलिस कर्मी को सलामी दी गयी।

राज्यपाल ने नवमी पर किया कन्या पूजन

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आज सपरिवार माँ सिद्धिदात्री को समर्पित चैत्र नवरात्रि के नवम दिवस एवं रामनवमी के पावन अवसर पर राजभवन में पूरे विधि-विधान से देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रदेश वासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य के लिए कामना की।

सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम बबिता मक्कड़ (BABITA MAKKAR) से परिवर्तित कर बबिता कामरा (BABITA KAMRA) रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे मेरे नए नाम बबिता कामरा (BABITA KAMRA) के नाम से ही लिखित एवं मौखिक रूप से जाना व पहचाना जाए।

बबिता कामरा पत्नी श्री संजीव कुमार
निवासी मकान नंबर 170/04 वार्ड नंबर 38,
आवास विकास, रूद्रपुर जिला उधमसिंह नगर

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.:UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

जी -20 समिट की थीम भारतीय संस्कृति में वसुधैव कुटुंबकम की सोच पर आधारित

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों से की भेंट
मेहमानों के स्वागत में रात्रि भोज और सांस्कृतिक संध्या आयोजित

G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्

रामनगर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामनगर में आयोजित जी 20 चीफ साइंस एडवाइजर्स वर्किंग ग्रुप में प्रतिभाग करने आए विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों से भेंट की। मुख्यमंत्री ने मेहमानों के स्वागत में आयोजित रात्रि भोज में भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पर्वत श्रृंखला हिमालय की गोद में बसा हमारा यह प्रदेश उत्तराखंड, "देवभूमि" के रूप में विख्यात है, क्योंकि यह केदारखंड और मानसखंड मंदिर समूहों तथा बद्रीनाथ धाम जैसे पौराणिक धाम की पवित्र भूमि है। यह हरिद्वार और ऋषिकेश जैसे आध्यात्मिक केंद्रों तथा योग, आयुर्वेद और प्राणायाम का एक वैश्विक हब हैं, इतना ही नहीं यह प्रदेश सनातन धर्म और संस्कृति जिसे हिंदू धर्म के रूप में भी जाना जाता है, का प्राचीनतम केंद्र भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी महान वैज्ञानिकों द्वारा एक बेहतर विश्व बनाने के प्रयासों के अंतर्गत ऐसी महान धरती पर किया जा रहा यह चिंतन अवश्य ही संपूर्ण मानवता के लिए हितकारी सिद्ध होगा। जी-20 की थीम वन अर्थ वन फैमिली वन फ्यूचर भारतीय संस्कृति की "वसुधैव कुटुंबकम की सोच पर आधारित है। हमारे देश की प्राचीन और महान संस्कृति ने ही सर्वप्रथम "वसुधैव कुटुम्बकम" अर्थात "समस्त विश्व ही एक परिवार है" की अवधारणा समस्त विश्व के समक्ष रखी थी। जी-20 की यह विशेष बैठक हमारी सनातन संस्कृति की इसी मूल अवधारणा को पुष्पित व पल्लवित करने में सहायक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे राज्य को जी-20 की तीन बैठकों का आयोजन करने का अवसर दिया गया। इस महत्त्वपूर्ण दायित्व को निभाते हुए हम स्वयं को गौरवांवित अनुभव कर रहे हैं, यह सभी उत्तराखंडवासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। आशा है कि इस राउण्डटेबल में किया गया मंथन, चर्चा व अनुभवों की साझेदारी साइंस और पॉलिसी के बीच के गैप को कम करने में सहायक सिद्ध होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में आज जिस प्रकार भारत प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है और एक मजबूत अर्थव्यवस्था, नॉलेज बेस्ड इकॉनोमी, समृद्ध लोकतंत्र, वैश्विक मंच पर शांतिदूत तथा मानवता के प्रयासों में अग्रदूत के रूप में स्थापित हुआ है उसी प्रकार उनकी अध्यक्षता में जी-20 समूह भी अपने महान उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होगा। यह एक ऐतिहासिक अवसर है, क्योंकि यहां विश्व की प्रमुख और उभरती हुई साइंटिफिक पावर जो कि विश्व के लगभग 85 प्रतिशत साइंटिफिक नॉलेज पर अधिकार रखती है, एक ही स्थान पर मौजूद हैं। साइंस एण्ड टेक्नॉलॉजी के ऐसे बहुत से अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दे हैं, जिन पर वैश्विक स्तर पर सरकारों के मध्य बातचीत होनी चाहिए। इसमें ग्लोबल सांइस एण्ड टेक्टनॉलॉजी पॉलिसी व गवनंस से लेकर सांइटिफिक नॉलेज क्रिएशन तथा इसके उपयोग जैसे विषयों को लिया जा सकता है।हमें वास्तव में लॉन्गटर्म विजन के साथ एक इन्कलूसिव ग्लोबल सांइस एडवाइस सुनिश्चित करने की आवश्यकता है, जो कि इस जी -20 सीएसएआर की बैठक का एजेण्डा भी है। मुझे प्रसन्नता है कि इस जी-20 सीएसएआर के एजेंडे के तहत वन हेल्थ को भी लिया गया है। निश्चित ही कोरोना काल के बाद यह सिद्ध हो चुका है कि वैश्विक संक्रमण पर बेहतर नियंत्रण तथा आने वाली महामारियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए वन हेल्थ का कॉन्सेप्ट वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वन हैल्थ की यह भावना भविष्य में आने वाली किसी भी समस्या से निपटने में हमारे के लिए एक कवच का कार्य करेगी। आप में से बहुत से विदेशी मेहमान पहली बार देवभूमि उत्तराखंड आए होंगे इसलिए मैं चाहूंगा कि आप अपनी इस यात्रा के दौरान हमारे देश के साथ-साथ हमारे प्रदेश उत्तराखंड को भी जानें और समझें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य उत्तराखंड को विज्ञान, तकनीक और इनोवेशन के क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय स्तर का प्रदेश बनाना है जिससे सामान्य लोगों का जीवन और अधिक सहज, सरल और समृद्ध हो सके। इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल श्री गुरमीत सिंह जी, ब्राजील के उपमंत्री प्रो. मरसिया क्रिस्टिना बरनाड्रेस जी, उत्तराखंड सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण, भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहाकार श्री अजय कुमार सूद, जी-20 देशों के सभी मुख्य वैज्ञानिक सलाहाकार, वैज्ञानिक सलाहाकार एवं प्रमुख वैज्ञानिकगण उपस्थित थे।

THANK YOU DELEGATES

श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यहां सिंह कालोनी गली नंबर एक में स्थित श्री श्री शनि देव मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा सुनाते कथा व्यास श्याम भाई जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण जी की बाल लीलाओं का ऐसा सुंदर वर्णन किया जिसे सुनकर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु भावविभोर हो गए और उन्होंने कथा एवं भजनों का भक्तिभाव से श्रवण किया। कथा व्यास श्री श्याम भाई जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म के पश्चात बाबा नंद वासुदेव को उनके जीवन की चिंता होने लगी थी। जिसके पश्चात वह नन्हे बालक के रूप में भगवान श्री कृष्ण जी को मध्य रात्रि एक टोकरी में लेटाकर जेल के चौकीदारों से बचते हुए यमुना नदी तट पर पहुंचे। तभी प्रभु की लीला के तहत तेज वर्षा शुरू हो गई। इससे न घबराकर बाबा वासुदेव श्री कृष्ण जी को लेकर नदी में उतर गए। यमुना नदी के जल ने श्री कृष्ण जी के चरण स्पर्श किए। जिसके पश्चात वासुदेव नदी पर कर गोकुल नगरी पहुंच गए। श्री कृष्ण जी के गोकुल नगरी पहुंचने पर लोगों ने जमकर उत्सव मनाया। इस दौरान उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु पुष्प वर्षा कर श्री कृष्ण जी के जयघोष करते रहे। कथा व्यास जी ने श्री कृष्ण जी की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उनकी माखन चोरी की लीलाओं को विस्तार से सुनाया। जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा सुनते उपस्थित श्रद्धालु भजनों की धुन पर नाचते पुष्प वर्षा करने लगे। सारा वातावरण पूरी तरह से कृष्ण मय हो गया। कथा व्यास श्याम भाई जी महाराज ने कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों व कुरीतियो के खिलाफ सबको एकजुट होना होगा। श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के दौरान कथा व्यास श्याम भाई जी महाराज द्वारा भजन भी सुनाए गए जिन्हें सुनकर सारे श्रद्धालु भक्ति में मग्न हो गए। इस मौके पर कार्तिक मंडल, देवू मंडल, पारुल मंडल, चौताली मंडल, प्रीति मंडल, गोबिंद राय, केके दास, प्रियंका मंडल, ह्रदय मंडल, श्यामल राय, आशा सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, देव दास सरकार, भानु विश्वास, जमुना सरकार, पूर्णिमा मिस्त्री, सरोराय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गीता सरकार, दीपाली डे, सन्तोष सरकार,सुबल मंडल, पुलिन शिल, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गौतम घरामी, रमेन मण्डल, गोविन्दबी सरकार अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुब्रत सरकार, विष्णु सरकार, दिपंकर साना, असीम सरकार, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, श्याम सरकार, तपन सरकार, भागीरथी सरकार, पुष्पा सरकार, मनी मंडल, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, कविता मंडल, देवदास सरकार, माया चक्रवर्ती, साधना दास, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री बीहालदार, मधु सरकार, सुनीता हालदार, अमित सरकार, रेनू साना, परेश मेहरा, आरती सरकार, सरस्वती सरकार, मंजू मिस्त्री, विश्वजीत मजूमदार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।